विधान सभा सचिवालय

उत्तर प्रदेश

(संसदीय अनुभाग)

संख्या : 189/वि0स0/संसदीय/07(सं)/2022

लखनऊ : दिनांक 09 फरवरी, 2025

प्रेषक,

प्रदीप कुमार दुबे,
प्रमुख सचिव।

सेवा में,

माननीय सदस्यगण,
विधान सभा, उत्तर प्रदेश।

महोदय/महोदया,

मुझे आपसे यह निवेदन करने का निदेश हुआ है कि मंगलवार, दिनांक 18 फरवरी, 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से राज्य विधान मण्डल के एक साथ समवेत् हुए दोनों सदनों के समक्ष मा0 राज्यपाल के अभिभाषण के सम्बन्ध में निम्नलिखित प्रक्रिया का अनुसरण किया जायेगा :-

(1) माननीय सदस्य पूर्वाह्न 10 बजकर 45 मिनट के पूर्व विधान सभा मण्डप में अपना स्थान ग्रहण कर लेंगे। मा0 राज्यपाल के सभा मण्डप में आगमन की मार्शल द्वारा घोषणा किये जाने पर माननीय सदस्य अपने-अपने स्थान पर खड़े हो जायेंगे और मा0 राज्यपाल द्वारा ‘‘माननीय सदस्यगण कृपया स्थान ग्रहण करें’’ कहने पर पुनः अपना स्थान ग्रहण करेंगे।

(2) मा0 राज्यपाल के अभिभाषण के मध्य माननीय सदस्य शान्तिपूर्वक अपने-अपने स्थानों पर बैठे रहेंगे और एक स्थान से दूसरे स्थान को नहीं जायेंगे।

(3) अभिभाषण के उपरान्त मा0 राज्यपाल के सभा मण्डप से बाहर जाने से पहले राष्ट्रगान बजाया जायेगा। माननीय सदस्य अपने-अपने स्थान पर पुनः खड़े हो जायेंगे। मा0 राज्यपाल के चले जाने के बाद 12:30 बजे अपराह्न से विधान सभा की बैठक आरम्भ होगी।

भवदीय,

प्रदीप कुमार दुबे,

प्रमुख सचिव।

पी0एस0यू0पी0-एल0-223 विधान सभा (363)-09-02-2025-450 प्रतियां (कम्प्यूटर)।